उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 20.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 20.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।






## थाना महोबकंठ पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत किये गये वारण्ट से सम्बन्धित वारण्टी तथा मुकदमों में वांछित चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.03.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं श्री रविकान्त गोंड, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा गठित टीम के उ0नि0 बृजेश चतुर्वेदी थाना महोबकंठ जनपद महोबा द्वारा न्यायालय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय छतरपुर(म0प्र0) के द्वारा निर्गत वारण्ट मु0नं0 233/25 धारा 147 बीएनएसएस से सम्बन्धित 01 नफर वारण्टी मनोज कुशवाहा पुत्र प्रीतम कुशवाहा उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम सौरा थाना महोबकंठ जिला महोबा को ग्राम सौरा से गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित करते हुये अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 बृजेश चतुर्वेदी थाना महोबकंठ जनपद महोबा
2. हे0का0 जंगबहादुर

### गिरफ्तार अभियुक्त-

मनोज कुशवाहा पुत्र प्रीतम कुशवाहा उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम सौरा थाना महोबकंठ महोबा



## चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम सक्रिय — महिलाओं को किया जा रहा जागरूक, प्रमुख मंदिरों पर स्थापित किये गये अस्थायी महिला हेल्पडेस्क

आज दिनांक 20.03.2026को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के नेतृत्व में जनपद महोबा के समस्त थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख मंदिरों, कस्बों एवं भीड़-भाड़ वाले बाजारों में लगातार भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया जा रहा है। उन्हें महिला संबंधी अपराधों जैसे छेड़छाड़, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा आदि के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी जा रही है।

साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों, महत्वपूर्ण विधिक प्रावधानों एवं सुरक्षा से संबंधित कानूनों के बारे में विस्तार से अवगत कराया जा रहा है। इस दौरान महिला हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112, 181 आदि की जानकारी देकर आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता लेने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

चैत्र नवरात्रि के दौरान मंदिरों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु प्रमुख मंदिरों पर अस्थायी महिला हेल्पडेस्क भी स्थापित किये गये हैं, जहां महिला पुलिसकर्मी तैनात रहकर महिलाओं की समस्याओं का तत्काल समाधान कर रही हैं।

जनपद पुलिस द्वारा यह भी अपील की जा रही है कि महिलाएं किसी भी प्रकार की समस्या या असुरक्षा की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करें। महोबा पुलिस महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 20.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खरेला पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के दिशा निर्देशन मे वाछिंत/वारण्टी अभियुक्तों की गिफ्तारी अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक खरेला श्री नन्हेलाल द्वारा टीम गठित के उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह मय हमराह का0 आशीष पाल व का0 राघवेन्द्र कुमार द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 20/2026 धारा 331(4), 118(1) 326(G), 352, 324(4) बीएनएस व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5, 3(2)5क, 3(2)III एससएसटी एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त दामोदर प्रसाद पुत्र स्व0 चन्द्रशेखर अवस्थी उम्र करीब 56 वर्ष निवासी ग्राम कुंआ थाना खरेला जिला महोबा को धवारी चौराहा कस्वा व थाना खरेला जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को मा0न्यायालय भेजा जा रहा है ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह
2. का0 आशीष पाल
3. का0 राघवेन्द्र कुमार

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

दामोदर प्रसाद पुत्र स्व0 चन्द्रशेखर अवस्थी उम्र करीब 56 वर्षनि0ग्रा0 कुंआ थाना खरेला जिला महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 20.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## ईद-उल-फितर के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा ईदगाह व नमाज स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात एवं ड्रोन निगरानी के दिए गए निर्देश, धर्मगुरुओं व संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील।

आज दिनांक 20.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-फितर के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत करिया पठवा स्थित ईदगाह एवं नमाज स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान नमाज के समय संभावित भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही, भीड़ एवं सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी हेतु ड्रोन के उपयोग के भी निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त, पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मुस्लिम धर्म गुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद स्थापित कर कानून-व्यवस्था की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई।
यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से वाहन पार्किंग स्थलों का भी निरीक्षण किया गया तथा यातायात प्रबंधन को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा ड्यूटी में तैनात समस्त पुलिस बल को सजगता एवं सतर्कता के साथ कर्तव्य निर्वहन करने, अफवाहों पर तत्काल संज्ञान लेकर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा आमजन के साथ समन्वय बनाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, यातायात प्रभारी सहित अन्य संबंधित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।
महोबा पुलिस द्वारा ईद-उल-फितर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु समुचित सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

